# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 13/11/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** यदि एक आयत की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 7 cm और 5 cm है, तो आयत का क्षेत्रफल ज्ञात करें।

Ans A). 30 $cm^2$ B). 28 $cm^2$ C). 35 $cm^2$ D). 12 $cm^2$ **Correct Answer: C**

**Q.2** एक लंब वृत्ताकार बेलन के आधार का व्यास 98 cm है और इसकी ऊँचाई 42 cm है। इस बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A). 20828 $cm^2$ B). 20882 $cm^2$ C). 28028 $cm^2$ D). 28082 $cm^2$ **Correct Answer: C**

**Q.3** दिया गया बार-ग्राफ वर्ष 2022 में विभिन्न व्यय मदों के तहत एक विद्यालय के कुल व्यय (सैकड़ों में) का वितरण दर्शाता है।




संदर्भ: Infrastructure - इंफ्रास्ट्रक्चर, Transport - परिवहन, Taxes - कर, Salary - वेतन, Interest on loan - ऋण पर ब्याज, Advertisement - विज्ञापन

विद्यालय का कुल व्यय, विज्ञापन पर किए गए व्यय का कितना गुना है?

Ans A). 18 गुना B). 79/14 गुना C). 97/14 गुना D). 20 गुना **Correct Answer: B**

**Q.4** एक ठोस लम्ब वृत्तीय शंकु की त्रिज्या 36 cm है और इसकी ऊँचाई 105 cm है। शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए)

Ans A). 16632 B). 17838 C). 18821 D). 14856 **Correct Answer: A**

**Q.5** दो संख्याओं के लसप (LCM) और मसप (HCF) का गुणनफल 24 है। यदि दोनों संख्याओं के बीच का अंतर 2 है, तो संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2 और 4 B). 8 और 6 C). 6 और 4 D). 5 और 3 **Correct Answer: C**

-

**Q.6** एक व्यक्ति 21 घंटे में एक यात्रा पूरी कर सकता है। वह यात्रा का शुरुआती एक तिहाई भाग 40 km/h की चाल से और शेष दूरी 60 km/h की चाल से तय करता है। उसकी यात्रा की कुल दूरी कितनी है?

**Ans** A). 360 km B). 1140 km C). 720 km D). 1080 km

**Correct Answer: D**

**Q.7** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 69 kg और 39 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 50.6 B). 52.6 C). 51.6 D). 49.6

**Correct Answer: A**

**Q.8** खिलाड़ियों के एक समूह में, 20 पहलवानों का औसत वजन 90 kg है, जबकि कुछ एथलीटों का औसत वजन 68 kg है। यदि सभी खिलाड़ियों का औसत वजन 78 kg हो, तो एथलीटों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 24 B). 52 C). 30 D). 39

**Correct Answer: A**

**Q.9** रमेश ने एक घड़ी Rs.460 में खरीदी और उसे Rs.414 में बेच दिया। उसका हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20% B). 10% C). 5% D). 11%

**Correct Answer: B**

**Q.10** कोमल ने अपना स्कूटर ₹1980 में बेचा, जिससे उसे विक्रय मूल्य के $\frac{1}{5}$ भाग के बराबर लाभ प्राप्त हुआ। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20% B). 25% C). 45% D). 40%

**Correct Answer: B**

**Q.11** दी गई तालिका का अध्ययन करें और उसके बाद पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर दें।
तालिका तीन छात्रों: A, B और C द्वारा गणित, रसायन विज्ञान और भौतिकी में प्राप्त अंकों को दर्शाती है।
प्रत्येक विषय के अधिकतम अंक 100 हैं।

| विषय → छात्र ↓ | गणित | रसायन विज्ञान | भौतिकी |
|---|---|---|---|
| A | 80 | 74 | 72 |
| B | 82 | 79 | 70 |
| C | 77 | 71 | 73 |

गणित और भौतिकी में प्रति छात्र औसत अंकों में क्रमशः कितना अंतर है?

**Ans** A). 8.5 B). 6.5 C). 8 D). 6

**Correct Answer: C**

**Q.12** आर्यन की लम्बाई 120 cm थी। 1 वर्ष के बाद, उसकी लम्बाई 15% बढ़ जाती है, और अगले 1 वर्ष में, उसकी लम्बाई 16% बढ़ जाती है। दूसरे वर्ष के अंत में आर्यन की लम्बाई (cm में) क्या होगी?

**Ans** A). 150.56 B). 138 C). 160.08 D). 161.08

**Correct Answer: C**

**Q.13** किस राशि (₹ में) पर 20% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹360 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 1800 B). 1200 C). 900 D). 450

**Correct Answer: C**

**Q.14** किस राशि (₹ में) पर 20% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 3 वर्षों में ₹240 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 400 B). 600 C). 200 D). 800

**Correct Answer: A**

**Q.15** 40 kg, 49 kg, 56 kg, 68 kg और 37 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 52 B). 50 C). 49 D). 51

**Correct Answer: B**

**Q.16** एक निश्चित धनराशि पर, 6 वर्षों के लिए 6% की वार्षिक दर से और 8 वर्षों के लिए 8% की वार्षिक दर से अर्जित साधारण ब्याज में अंतर ₹1,176 है। धनराशि ज्ञात करें।

**Ans** A). ₹3,800 B). ₹4,000 C). ₹4,200 D). ₹4,400

**Correct Answer: C**

**Q.17** यदि 49 : x :: x : 81 और 64 : y :: y : 169 है, जहाँ x और y दोनों प्राकृत संख्याएँ हैं, तो 2x + 3y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 126 B). 348 C). 312 D). 438

**Correct Answer: D**

**Q.18** एक आदमी 60 km/h की चाल से कार से 30 km की दूरी तय करता है और साइकिल से 20 km की एक और दूरी तय करता है। उसकी पूरी यात्रा 3 घंटे में पूरी होती है। साइकिल की चाल (km/h में) कितनी है?

**Ans** A). 8 | B). 12 | C). 6 | D). 10

**Correct Answer: A**

---

**Q.19** एक किताब को अंकित मूल्य पर ₹480 में बेचने पर एक दुकानदार को 20% का लाभ होता है। रियायती बिक्री (clearance sale) के दौरान, दुकानदार अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। बिक्री के दौरान उसका लाभ प्रतिशत क्या है?

**Ans** A). 8% | B). 12% | C). 18% | D). 16%

**Correct Answer: A**

---

**Q.20** एक स्कूल में एक परीक्षा में लड़कों का औसत स्कोर 71 है और लड़कियों का औसत स्कोर 73 है। स्कूल का औसत स्कोर 71.8 है। परीक्षा देने वाले लड़कों की संख्या और लड़कियों की संख्या का अनुपात ज्ञात करें।

**Ans** A). 3 : 2 | B). 3 : 4 | C). 4 : 3 | D). 2 : 3

**Correct Answer: A**

---

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** यदि निम्नलिखित समीकरण में '–' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो इस समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
**70 ÷ 90 – 10 + 20 × 80 = ?**

**Ans** A). –40 | B). –30 | C). –10 | D). –45

**Correct Answer: B**

---

**Q.2** यदि '+' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
**81 × 3 - 9 ÷ 3 + 2 = ?**

**Ans** A). 52 | B). 3 | C). 2 | D). 56

**Correct Answer: A**

---

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर CMGW एक निश्चित प्रकार से XHDT से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार SCAQ, NXXN से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ISUK निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). EORG | B). ENSH | C). CMRG | D). DNRH

**Correct Answer: D**

---

**Q.4** एक निश्चित कूटभाषा में, 'black dark night' को 'ck th lp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'dark cloudy sky' को 'eg lp sc' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'dark' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). sc | B). th | C). lp | D). eg

**Correct Answer: C**

---

**Q.5** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JUMP' को '4682' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MIND' को '3741' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 7 | B). 4 | C). 8 | D). 3

**Correct Answer: B**

---

**Q.6** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 2, 15 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 6, 43 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 68 | B). 53 | C). 58 | D). 64

**Correct Answer: D**

---

**Q.7** एक निश्चित कूट भाषा में, 'WEAR' को 'PI1O' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EARS' को 'I4OP' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'S' का कूट क्या होगा?

**Ans** A). 4 | B). O | C). I | D). P

**Correct Answer: A**

---

**Q.8** एक निश्चित तर्क के अनुसार 12, 61 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 15, 76 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 18, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 93 | B). 91 | C). 97 | D). 95

**Correct Answer: B**

**Q.9** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ वेतन, बोनस हैं।**
**सभी पारिश्रमिक, बोनस हैं।**
**निष्कर्ष:**
**(I) कुछ वेतन, पारिश्रमिक हैं।**
**(II) सभी बोनस, पारिश्रमिक हैं।**

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: A**

**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर GNEE एक निश्चित तरीके से JQHH से संबंधित है। उसी तरीके से BHYY, EKBB से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, QXOO निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). TARR B). RRAT C). ATRR D). RRTA

**Correct Answer: A**


**Q.11** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**36, 39, 44, 51, 60, 71, 84, ?**


**Ans** A). 90 B). 95 C). 97 D). 99


**Correct Answer: D**


**Q.12** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.13** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ दरवाजे, चट्टानें हैं।**
**सभी चट्टानें, जंगल हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कम से कम कुछ जंगल, दरवाजे हैं।**
**(II) सभी जंगल, चट्टानें हैं।**

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**


**Q.14** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**AGK, FLP, KQU, PVZ, ?**

**Ans** A). UEA B). UES C). UAE D). VGY


**Correct Answer: C**


**Q.15** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.16** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। D, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, D के ठीक दाईं ओर बैठा है। F और G के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G के बाईं ओर से गिनती करने पर C और G के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). दो B). एक C). तीन D). चार

**Correct Answer: C**

---


**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'shirt pant coat' को 'ek ph bq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'coat jacket sweater' को 'ek lh to' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'jacket shirt watch' को 'fd bq lh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'coat' के लिए कूट क्या है? (नोट: सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

Ans A). ek B). bq C). to D). lh

**Correct Answer: A**

---

**Q.18** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




Ans

A). 

B). 


C). 

D). 


**Correct Answer: A**


---


**Q.19** उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





Ans

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

---

**Q.20** A, E, I, O, U, S और K एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। K, O के ठीक दाएँ बैठा है। O और S दोनों का निकटतम पड़ोसी E है। I, न तो S और न ही A का निकटतम पड़ोसी है। U के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

Ans A). K B). A C). S D). I

**Correct Answer: B**

---

Section : **General A**

**Q.1** 9वें एशियाई खेलों (Asian Games) की मेजबानी निम्नलिखित में से किस देश ने की थी?

**Ans** A). दक्षिण कोरिया B). भारत C). चीन D). जापान

**Correct Answer: B**

**Q.2** कला रामनाथ (Kala Ramnath) निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित थी?

**Ans** A). इंदौर घराना B). किराना घराना C). मेवाती घराना D). आगरा घराना

**Correct Answer: C**

**Q.3** सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच ________ में हुई थी।

**Ans** A). 1955 B). 1965 C). 1970 D). 1960

**Correct Answer: D**

**Q.4** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा युग, लौह युग से भी संबंधित है?

**Ans** A). उत्तर वैदिक युग B). हड़प्पा युग C). पुरापाषाण युग D). नवपाषाण युग

**Correct Answer: A**

**Q.5** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 157 के अनुसार किसी व्यक्ति को राज्यपाल के तौर पर नियुक्त होने के लिए ___________ वर्ष की आयु पूरी करना आवश्यक है।

**Ans** A). 35 B). 32 C). 45 D). 41

**Correct Answer: A**

**Q.6** श्रीलंका की पुरानी राजधानी अनुराधापुर (Anuradhapura) को 10वीं शताब्दी ईस्वी ($10^{th}$ century AD) में दक्षिण भारत के निम्नलिखित में से किस राजवंश द्वारा नष्ट कर दिया गया था?

**Ans** A). राष्ट्रकूट B). बादामी के चालुक्य C). चोल D). वेंगी के चालुक्य

**Correct Answer: C**

**Q.7** प्रत्येक वर्ष, कार्तिक पूर्णिमा, पुष्कर में पशुधन मेले के अंत का प्रतीक है, जहां प्रदर्शन में मुख्य जानवर कौन-सा है?

**Ans** A). घोड़ा B). भैंस C). ऊँट D). गाय

**Correct Answer: C**

**Q.8** यूरेनियम (U) का परमाणु क्रमांक क्या है?

**Ans** A). 104 B). 92 C). 94 D). 90

**Correct Answer: B**

**Q.9** ___________ के क्षेत्र में केलुचरण महापात्र और रघुनाथ दत्ता जैसे उस्तादों ने 1940 के दशक के अंत में इस कला शैली के पुनरुद्धार का नेतृत्व किया था।

**Ans** A). छऊ B). ओडिसी C). सत्त्रिया D). मणिपुरी

**Correct Answer: B**

**Q.10** 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में बाल लिंगानुपात सबसे कम है?

**Ans** A). मध्य प्रदेश B). हरियाणा C). राजस्थान D). पंजाब

**Correct Answer: B**

**Q.11** जनवरी 2023 में, चीफ मिनिस्टर्स रेजिडेंशियल लैंड राइट्स स्कीम (मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना) किस भारतीय राज्य में शुरू की गई थी?

**Ans** A). पंजाब B). हरियाणा C). उत्तर प्रदेश D). मध्य प्रदेश

**Correct Answer: D**

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय शहर 2023 में ICC पुरुष विश्व कप फाइनल क्रिकेट मैच का मेजबान था?

**Ans** A). नई दिल्ली B). चेन्नई C). अहमदाबाद D). मुंबई

**Correct Answer: C**

**Q.13** आदिवासी लोक नृत्य गुसाडी (Gussadi) को जीवित रखने वाले कनक राजू को 2021 में भारत के निम्नलिखित में से किस नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

**Ans** A). पद्म श्री B). भारत रत्न C). पद्म भूषण D). पद्म विभूषण

**Correct Answer: A**

**Q.14** बंगाल में नियोजित बड़े पैमाने पर रेल संचार में व्यवधान और हथियारों की जब्ती ________ के नेतृत्व में की गई थी।

**Ans** A). अरबिंदो घोष B). जतिन मुखर्जी C). सुरेंद्रनाथ बनर्जी D). चितरंजन दास

**Correct Answer: B**

**Q.15** नवंबर 2021 में गुजरात की बेरोजगारी दर क्या थी?

**Ans** A). 3.4% B). 4.4% C). 2.4% D). 1.4%

**Correct Answer: D**

**Q.16** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन उपग्रह डेटा के अधिग्रहण और उसके प्रसंस्करण के लिए सुविधाएं प्रदान करता है?

**Ans** A). राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (NRSC) B). भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान (IIRS) C). भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) D). वन अनुसंधान संस्थान (FRI)

**Correct Answer: A**

**Q.17** **निम्नलिखित में से किसे सकल राष्ट्रीय उत्पाद के आकलन (estimation) में शामिल किया जाता है?**

Ans A). पेंशन भुगतान B). प्रतिभूतियों की बिक्री C). पुरानी कारों की बिक्री D). नई शर्टों की बिक्री

**Correct Answer: D**

**Q.18** **अंग्रेजी उपन्यास 'वोटिंग एट फोस्टरगंज (Voting at Fosterganj)' के लेखक कौन हैं?**

Ans A). आर.के. नारायण B). रस्किन बांड C). अक्षत गुप्ता D). सुधा मूर्ति

**Correct Answer: B**

**Q.19** **सुनामी एक प्राकृतिक आपदा है जो समुद्र से उत्पन्न होती है। समुद्र में सुनामी का कारण ______________________ है।**

Ans A). जल में अत्यधिक कार्बन डाइऑक्साइड की उपस्थिति B). समुद्र में अधिक मात्रा में रेडियोधर्मी प्रदूषकों का जमा होना C). समुद्र के नीचे टेक्टोनिक प्लेटों का हिलना D). जल में अम्ल की मात्रा चिंताजनक रूप से बढ़ते जाना

**Correct Answer: C**

**Q.20** **अमृतसर में अंग्रेजों द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड को कब अंजाम दिया गया था?**

Ans A). 13 अप्रैल, 1919 B). 13 मार्च 1919 C). 13 अप्रैल, 1918 D). 23 अप्रैल, 1918

**Correct Answer: A**

**Q.21** **एक बच्चा खाना खाने में नख़रे करता है। वह दूध का जरा भी सेवन नहीं करता है और अन्य प्रकार का भोजन भी मुश्किल से खाता है। जब उसके दूध के दाँत गिरने लगे तो उनकी जगह नए दाँत नहीं आ रहे थे। इसका निदान उसे ___________ देकर किया जा सकता है।**

Ans A). विटामिन B संकुल (vitamin B complex) B). विटामिन C (vitamin C) C). कैल्शियम परिपूरक (calcium supplements) D). कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन (carbohydrate-rich food)

**Correct Answer: C**

**Q.22** **जब कोई निचली अदालत किसी मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर मानती है तो उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कौन-सी रिट (writ) जारी की जाती है?**

Ans A). निषेधाज्ञा (Prohibition) B). अधिकार पृच्छा (Quo warranto) C). बन्दी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus) D). परमादेश (Mandamus)

**Correct Answer: A**

**Q.23** **ओजोन के संबंध में गलत कथन का चयन कीजिए।**

Ans A). ओजोन ($O_3$), ऑक्सीजन की भाँति, एक जीवनदायी गैस है। B). पराबैंगनी विकिरण से त्वचा का कैंसर होता है। C). ओजोन एक जानलेवा विषाक्त गैस है। D). पराबैंगनी विकिरण की उपस्थिति में ऑक्सीजन से ओजोन का निर्माण होता है।

**Correct Answer: A**

**Q.24** **संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री ____________ के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 11 से 13 जून 2023 तक ब्राजील का दौरा किया।**

Ans A). वीरेन्द्र कुमार B). प्रह्लाद जोशी C). नारायण राणे D). अर्जुन मुंडा

**Correct Answer: B**

**Q.25** **नगर दुर्ग क्षेत्र (Citadel area) में एक विशाल मिट्टी की/के ________ का चबूतरा (platform) है, जो 6 m ऊँचा है और सभी निर्माण का आधार है।**

Ans A). पत्थर B). लकड़ी C). ईंट D). चट्टान

**Correct Answer: C**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The plan was very ____________ and took a lot of time to develop.**

Ans A). elaborate B). elaborates C). elaboration D). being elaborate

**Correct Answer: A**

**Q.2** **Select the most appropriate ANTONYM for the underlined word in the given sentence.**

**Her profile was complete on the company website.**

Ans A). uploaded B). created C). received D). incomplete

**Correct Answer: D**

**Q.3** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**A serpent having many heads in Greek mythology**

Ans A). Cobra B). Python C). Hydra D). Eopsin

**Correct Answer: C**

**Q.4** **दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सबसे उपयुक्त विलोम शब्द (ANTONYM) चुनें।**

**The vegetation in this area of the forest is very dense.**

Ans A). Sparse B). Spruce C). Spare D). Spatial

**Correct Answer: A**

**Q.5** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**
**My aunt came from Switzerland by the flight which was landing at 5:00 a.m. yesterday.**

**Ans** A). at 5:00 a.m. yesterday. B). Switzerland by the C). My aunt came from D). flight which was landing

Correct Answer: D

**Q.6** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**A buzzing ______ can ____ dangerous.**

**Ans** A). bee; be B). dear; deer C). be; bee D). deer; dear

Correct Answer: A

**Q.7** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**With the increasing reliance on digital systems, ensuring robust cybersecurity measures is ______________ to protect against online threats.**

**Ans** A). extraneous B). paramount C). impartial D). superfluous

Correct Answer: B

**Q.8** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Credeble B). Explosive C). Devoted D). Creative

Correct Answer: A

**Q.9** **Select the most appropriate antonym for the word provided in the bracket to fill in the blank.**
**The professor delivered a __________________ lecture on quantum physics. (simplified)**

**Ans** A). Plain B). Complex C). Lengthy D). Refined

Correct Answer: B

**Q.10** **Identify the error in the usage of the future tense in the given sentence and choose the correct sentence from the following options.**

**Parvati finish the painting in one hour.**

**Ans** A). Parvati will finish the painting in one hour. B). Parvati had been finishing the painting in one hour.
C). Parvati was finished the painting in one hour. D). Parvati has been finishing the painting in one hour.

Correct Answer: A

**Q.11** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**
**Please hang with for two minutes while I finish cleaning the utensils.**

**Ans** A). while I finish cleaning B). for two minutes C). the utensils D). Please hang with

Correct Answer: D

**Q.12** **Select the correctly spelled sentence.**

**Ans** A). The sceintist discovered a new palnet in the galaxy. B). The scientist discovered a new planet in the galaxy.
C). The scientist discovred a new planet in the galexy. D). The scienetist discovered a new planet in the galaxy.

Correct Answer: B

**Q.13** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Novelist B). Throw C). Infinite D). Eternal

Correct Answer: C

**Q.14** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Whoever got the <u>few</u> answers correct has to leave the room.**

**Ans** A). fewer B). most few C). more fewer D). fewest

Correct Answer: D

**Q.15** **Select the appropriate option that can substitute the underlined idiom in the given sentence.**

**The interns explained the whole issue to the coordinator <u>in a nutshell</u>.**

**Ans** A). in a secret way B). in a brief manner C). in an uncertain way D). in a discouraging manner

Correct Answer: B

**Q.16** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**
**The car which I bought last year was cheap than my bike.**

**Ans** A). last year B). was cheap than my bike C). The car D). which I bought

Correct Answer: B

**Q.17** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Hamper**

**Ans** A). Pamper B). Hinder C). Gift D). Irritate

**Correct Answer: B**

**Q.18** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**(1) We knocked around (2) early on Saturday (3) to enjoy (4) the beautiful weather.**

**Ans** A). We knocked across B). the beautiful weather. C). to enjoy D). early on Saturday

**Correct Answer: A**

**Q.19** **Select the most appropriate meaning of the given idiom/phrase.**

**Throw in the towel**

**Ans** A). To prepare to fight B). To give up or surrender C). To take responsibility for a situation while another person is temporarily absent D). To cause an activity or process to continue

**Correct Answer: B**

**Q.20** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**Adi had <u>not only assisted her by</u> giving evidence in the case but also provided many examples to prove her point in the court.**

**Ans** A). assisted not only her by B). assisted not only by her C). assisted her not only by D). assisted her only not by

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Until that moment, every director in Hollywood had accepted as gospel (1)_______ that the audience should not be taxed too much. Welles struck a (2)_______ at these beliefs, without displaying the slightest of qualms. Visually, 'Citizen Kane' was shot with a harsh sharpness which (3)_____ every scene. Traditionally, every make-up man and cameraman in Hollywood had to keep a careful (4)_______ on the appearance of the heroine. Welles refused to follow this (5)_____ in the case of his own heroine. For the first time, dialogue was presented in its realistic form.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1**

**Ans** A). truth B). blasphemy C). followers D). Bible

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Until that moment, every director in Hollywood had accepted as gospel (1)_______ that the audience should not be taxed too much. Welles struck a (2)_______ at these beliefs, without displaying the slightest of qualms. Visually, 'Citizen Kane' was shot with a harsh sharpness which (3)_____ every scene. Traditionally, every make-up man and cameraman in Hollywood had to keep a careful (4)_______ on the appearance of the heroine. Welles refused to follow this (5)_____ in the case of his own heroine. For the first time, dialogue was presented in its realistic form.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2**

**Ans** A). bellow B). blue C). blew D). blow

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Until that moment, every director in Hollywood had accepted as gospel (1)_______ that the audience should not be taxed too much. Welles struck a (2)_______ at these beliefs, without displaying the slightest of qualms. Visually, 'Citizen Kane' was shot with a harsh sharpness which (3)_____ every scene. Traditionally, every make-up man and cameraman in Hollywood had to keep a careful (4)_______ on the appearance of the heroine. Welles refused to follow this (5)_____ in the case of his own heroine. For the first time, dialogue was presented in its realistic form.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3**

**Ans** A). prevented B). permeated C). promoted D). permitted

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Until that moment, every director in Hollywood had accepted as gospel (1)_______ that the audience should not be taxed too much. Welles struck a (2)_______ at these beliefs, without displaying the slightest of qualms. Visually, 'Citizen Kane' was shot with a harsh sharpness which (3)_____ every scene. Traditionally, every make-up man and cameraman in Hollywood had to keep a careful (4)_______ on the appearance of the heroine. Welles refused to follow this (5)_____ in the case of his own heroine. For the first time, dialogue was presented in its realistic form.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4**

**Ans** A). eye B). nose C). ear D). leg

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Until that moment, every director in Hollywood had accepted as gospel (1)_______ that the audience should not be taxed too much. Welles struck a (2)_______ at these beliefs, without displaying the slightest of qualms. Visually, 'Citizen Kane' was shot with a harsh sharpness which (3)_____ every scene. Traditionally, every make-up man and cameraman in Hollywood had to keep a careful (4)_______ on the appearance of the heroine. Welles refused to follow this (5)_____ in the case of his own heroine. For the first time, dialogue was presented in its realistic form.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5**

**Ans** A). practise B). prose C). practice D). practicals

**Correct Answer: C**